This question paper contains 8 printed pages]

आपका अनुक्रमांक ........

7594

B.A. (Programme)/II/III E-I

HINDI LANGUAGE (B)—Paper II

हिंदी भाषा (ख)–प्रश्न-पत्र II

(प्रवेश-वर्ष 2006/2007 और तत्पश्चात्–Non-formal Cell/SOL

के विद्यार्थियों के लिए)

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 100

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

**सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. निम्नलिखित अनुच्छेद आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों से लिए गए हैं । किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 11+11=22

(क) इत्यादि तादाद में हमेशा ही ज्यादा होते थे

इत्यादि भाव ताव करके सब्जी खरीदते थे और खाना वाना

खाकर

P.T.O.

खास लोगों के भाषण सुनने जाते थे

इत्यादि हर गोष्ठी में उपस्थिति बढ़ाते थे

इत्यादि जुलूस में जाते थे तख्तियाँ उठाते थे नारे लगाते थे

इत्यादि लंबी लाइनों में लग कर मतदान करते थे

उन्हें लगातार ऐसा भ्रम दिया गया था कि वे ही

इस लोकतन्त्र में सरकार बनाते हैं

इत्यादि हमेशा ही आंदोलनों में शामिल होते थे

इसलिए कभी कभी पुलिस की गोली से मार दिये जाते थे

(i) कवि एवं कविता का नाम लिखिए ।

(ii) 'इत्यादि' शब्द का अभिप्राय स्पष्ट कीजिए ।

(iii) कवि के अनुसार लोकतंत्र में सरकार कौन बनाते हैं ?

(iv) कविता का मुख्य भाव स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'गाँधीजी और भाषा समस्या' लेख में लेखक ने गाँधीजी के विचारों को आधार बनाते हुए हिंदी भाषा की स्थिति

पर विचार किया है । गाँधीजी को इस बात का दुःख हमेशा बना रहा कि देश के राजनेता कभी भी हिंदी में कार्य नहीं करते थे इसलिए हिंदी को राष्ट्रभाषा का वास्तविक स्थान नहीं मिल पाया । गाँधीजी के विचार में किसी भी देश और व्यक्ति का आत्मसम्मान और गौरव उसकी अपनीं मातृभाषा से होता है इसलिए अंग्रेजी की सत्ता को समाप्त कर मातृभाषा से प्रेम करना चाहिए । गाँधीजी का मत था कि अंग्रेजी का प्रभुत्व राष्ट्र की आत्मा को नष्ट कर देगा । गाँधीजी हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में स्थापित करने पर बल देते रहे । अपनी भाषा-नीति के छह सूत्रों के आधार पर वे बोलचाल की भाषा के समर्थक रहे हैं ।

(*i*) अनुच्छेद के लेखक और पाठ का नाम लिखिए ।

(*ii*) गाँधीजी को किस बात का दुःख हमेशा बना रहा ?

(*iii*) लेखक के अनुसार अंग्रेजी के प्रभुत्व से राष्ट्र की आत्मा कैसे नष्ट हो जाएगी ?

(*iv*) हमें मातृभाषा से प्रेम क्यों करना चाहिए ?

(ग) ट्रेन ने सीटी दी । काउंटर की लड़कियों ने फटाफट चाय के प्याले रखे और रेंगती ट्रेन पर सवार हो गयीं । टी.टी. साहिबा से अंग्रेजी में जाने क्या गिटिर-पिटिर बात हुई और मूलियों के नीचे खाली जगह पाकर वे अनजाने ही आ बैठीं । उनकी बातें ट्रांसफर, शिक्षा-अधीक्षक, इंस्पेक्टर और स्कूलों के इर्द-गिर्द घूमती रहीं ताज़ादम मिजाज से । कपड़े बिलकुल साफ और बातें उतनी ही सलीकेदार । बोगी की जाँच-पड़ताल पूरी कर टी.टी. साहिबा भी आ गयीं और उनकी बगल में बैठ गयीं । तीन-तीन सलीकेदार और खुलेमिजाज की औरतों की बातचीत से वहाँ का माहौल खुशगवार हो उठा । वह औरत भी पिछले सारे हादसों को भूल कर चकोरी की तरह उन्हें देखने लगी थी । शरीफजादियों ने अपने खूबसूरत पर्सों से पाँच-पाँच के नोट निकाले और आरती के चढ़ावे की तरह टी.टी. साहिबा के हाथ में थमा दिये । हँसते हुए कहा टी.टी. साहिबा ने "और कोई होता तो दस से कम क्या लेते, जाइये, आप लोग तो वैसे भी हमारे लिए रेस्पेक्टफुल हैं । वो क्या है, हाँ, भारत भाग्य विधाता !" उनका यह कहना था कि कहकहे रंग भरे गुब्बारे की तरह फूटे और

डिब्बा उसमें डूबने-सा लगा । वह औरत भी इस पर हलके से मुस्कुरा उठी थी कि टी.टी. साहिबा का ध्यान उधर खिंच गया, "हाँ तो भई, निकालो दस तुम भी ।"

(i) अनुच्छेद के लेखक और पाठ का नाम लिखिए ।

(ii) इस अनुच्छेद में प्रयुक्त उर्दू शब्द लिखिए ।

(iii) 'और कोई होता तो दस से कम क्या लेते, जाइए, आप लोग तो वैसे भी हमारे लिए रेस्पेक्टफुल हैं' – का व्यंग्यार्थ स्पष्ट कीजिए ।

(iv) ट्रेन में चल रहे यात्रियों का लेखक ने बड़ा ही सजीव चित्र खींचा है, स्पष्ट कीजिए ।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

4+4+4=12

(i) लेखक ने प्रस्तुत निबंध में 'रामलीला' और 'नौटंकी' में किन भिन्नताओं पर प्रकाश डाला है ?

(वह जो यथार्थ था)

(ii) शहर जाने पर जगदीश बाबू को अकेलापन क्यों लगा ?

(दाज्यू)

(*iii*) बदलते परिवेश और पीढ़ियों ने किताब के बारे में किस तरह का दृष्टिकोण बना दिया है ?

(किताब और नया हिसाब किताब)

(*iv*) काफी हाउसों की संस्कृति पर नवधनाढ्य वर्ग का प्रभाव लिखिए ।

(काफी हाउस)

(*v*) राहुलजी ने भारतीय वाङ्मय की समृद्धि के लिए अपना योगदान किस प्रकार दिया ?

(स्वयम्भू महापंडित)

3. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :- 5+5+5=15

(*i*) हिंदी की बोलियाँ

(*ii*) साहित्यिक भाषा के रूप में ब्रज भाषा

(*iii*) संपर्क भाषा के रूप में हिंदी ।

4. निम्नलिखित में से किसी **एक** का पल्लवन कीजिए : 9

(*i*) करत-करत अभ्यास ते जड़मति होत सुजान ।

(*ii*) बीति ताहि बिसार दे, आगे की सुधि लेय ।

(*iii*) दैव-दैव आलसी पुकारे ।

5. निम्नलिखित अनुच्छेद का शीर्षक लिखते हुए संक्षेपण कीजिए : 9

वीरता का विकास नाना प्रकार से होता है । कभी तो उसका विकास लड़ने-मरने में, खून-बहाने में और तलवार और तोप के सामने जान गंवाने में होता है । कभी प्रेम के मैदान में उसका झंडा खड़ा होता है । कभी साहित्य और संगीत में वीरता खिलती है । कभी जीवन के गूढ़ तत्व और सत्य की तलाश में बुद्ध जैसे राज विरक्त होकर वीर हो जाते हैं । कभी किसी आदर्श पर कभी किसी पर वीरता अपना फरहरा लहराती । परन्तु वीरता एक प्रकार का इलहाम (inspiration) है । ज़ब कभी इसका विकास हुआ तभी एक नया कमाल नजर आया; एक नया जलाल पैदा हुआ; एक नई रौनक एक नया रंग, एक नई बहार, एक नई प्रभुता संसार में छा गई ।

6. निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों के अर्थ बताते हुए उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 4+4=8

(*i*) हवाई किले बनाना

(*ii*) मुट्ठी गरम करना

(*iii*) ओस चाटने से प्यास नहीं बुझती ।

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5+5+5=15

(*i*) शब्द शक्ति का अर्थ और भेद बताते हुए किसी **एक** शब्द शक्ति का सामान्य परिचय दीजिए ।

(*ii*) 'एक हाथ से ताली नहीं बजती' का लक्ष्यार्थ लिखिए ।

(*iii*) 'अब सिर्फ एलबम में रहते हैं परिवार के सारे लोग एक साथ' में निहित व्यंग्यार्थ स्पष्ट कीजिए ।

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5+5=10

(क) हिंदी शब्दकोश में प्रविष्टि के अनुसार निम्नलिखित शब्दों को वर्णक्रमानुसार लिखिए :

शून्य, पैतृक, भ्रम, संदेश, दरिद्र, क्षितिज, आलोचना, प्रवृत्ति ।

(ख) हिंदी शब्दकोश लेखन की परंपरा बताते हुए उसकी महत्ता पर प्रकाश डालिए ।